व्यक्तियों को पदोन्नति भारतीय प्रशासनिक सेवा में लिए जाने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) जी (ख) भारतीय प्रशासनिक सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) नियम, 1955 में निहित प्रावधान, राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में भर्ती को विनियमित करते हैं । राज्य सिविल सेवा के ऐसे अधिकारियों ने इन नियमों के अधीन पदोन्नति द्वारा भर्ती पर, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा उनके समक्ष रखा गया है, कम से कम सात वर्ष की प्रशासनिक सेवा की हो, और जिन्होंने उस पद की जिम्मेदारी ली हो जिसमें उनकी नियुक्ति की जानी है, 54 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र होते हैं ।

भारतीय दंत परिषद् के सहायक सचिव

3106. श्री शंकर सिंह वाघेला : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय दंत परिषद् के अर्धशासी पदेन सचिव अनुसूचित जाति सेवा से संबंध रखते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि उनकी पदोन्नति सरकारी नियमों के अनुसार सचिव के पद पर नहीं की गयी ;

(ग) क्या भारतीय दंत परिषद के वर्तमान सचिव की नियुक्ति को सरकार द्वारा मान्यता दे दी गयी है ; और

(घ) क्या सरकार सचिव के पद पर अनुसूचित जाति का कोई उम्मीदवार नियुक्त करने का विचार रखती है ?

वस्त्र मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) जी, हां ।

(ख) भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद् में सहायक सचिव के पद पर कार्य कर रहे व्यक्ति के पास केवल मैट्रिक तक अर्हता है जबकि परिषद में सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता स्नातक है । इस प्रकार वह सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं है ।

(ग) दन्त चिकित्सा अधिनियम, 1948 की धारा 8(1) (क) में निहित उपबंधों के अनुसार परिषद् के सचिव के पद पर नियुक्ति की शक्तियां भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद के शासी निकाय को है जो कि संसद द्वारा बनाए गए दन्त चिकित्सा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत एक स्वायत्त निकाय है । भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद ने अपनी 8-5-1988 को हुई बैठक में इस पद के पूर्व पदाधिकारी की दो वर्षों की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति के बारे में कार्यकारी समिति की सिफारिशों पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की । ऐसा करना अधिनियम के उपबंधों के अनुसार है ।

(घ) चूंकि परिषद में सचिव का पद भरा हुआ है, इसलिए इस समय इस पद पर नियुक्ति का प्रश्न नहीं उठता ।

Shortfall in resources for the States

3107. SHRI CHITTA BASU : Will the Minister of PLANNING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there will be a Rs. 2000 crore shortfall in resources for the States Annual plan for 1988-89 ; and

(b) if so, what steps Government propose to take to help the State Governments to overcome the resources constraints for the future annual Plans particularly for the year 1989-90 ?

THE MINISTER OF PLANNING AND THE MINISTER OF PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI MADHAVSINH SOLANKI) : (a) Taking into account the proposals for the revised oulays for the annual Plan 1988-89 so far received from the State Governments, the gap in resources against the originally approved outlays is estimated at about Rs. 1880 crores.

(b) The Annual Plan for 1989-90 as approved for States are fully and funded and hence the question of overcoming the resource constraints at this stage does not arise.

केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा मारे गए छापे

3018. श्री शंकर सिंह वाघेला : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1987-88 में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जी० डी० ए०) के तत्कालीन उपाध्यक्ष के मकान पर छापा मारा था और करोड़ों रुपये का बेहिसाब धन बरामद किया था ; यदि हां, तो उस मामले में क्या कार्यवाही की गई थी ; और

(ख) क्या यह भी सच है कि श्री मिश्रा को उनकी मनपसन्द जगह पर स्थानान्तरित कर दिया गया है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) जी, हां । केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने तत्कालीन उपाध्यक्ष श्री डी० डी० मिश्र के घर की 12 तथा 13 नवम्बर, 1987 को तलाशी ली थी । यह पता चला था कि कुल 7·09 लाख रुपये की परिसम्पत्तियों का संतोषजनक हिसाब-किताब नहीं दिया जा सका था । केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है ।

(ख) चूंकि अधिकारी राज्य में सेवा कर रहा है इसलिए उनकी तैनाती उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई है ।

Voluntary Health Association of India to assist in National Health Education Programme

3109. SHRI CHATURANAN MISHRA : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Voluntary Health Association of India had offered professional assistance for devising and screening of national health education programmes and if so, Government response thereto ; and

(b) whether Government propose to enlist help of various Voluntary Agencies in this task ?

THE MINISTER OF TEXTILES AND THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RAM NIWAS MIRDHA) : (a) Yes. Voluntary Health Association of India offered two specific projects namely—

(/) Education and Information dissemination on Health and Family Welfare related issues at Kumb Mela for which publicity material has been provided alongwith films for viewing. A sum of Rs. 40,000/-has been sanctioned for providing free counselling.

(«) Production of Video film.

(b) Yes.